# शुभसन्देश
# कहानी पुस्तक
## पाँच



यह मेरी शुभसन्देश कहानी पुस्तक पाँच है

मेरा नाम ________________________________ है

मैं अपनी शुभसन्देश
कहानी पुस्तक पाँच को पढ़ सकता हूँ

ये कहानियाँ सृजनहार परमेश्वर के पवित्र ग्रन्थ में से हैं।

इस कहानी पुस्तक के सभी चित्र भारत के आदिवासी बच्चों ने बनाए हैं।
शुभसन्देश कहानी पुस्तक पाँच। कॉपीराइट 2013. भारत में मुद्रित।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: WBTC India, P.O. Box 8478, Bangalore 560084.
Email: info@wbtcindia.com



सृजनहार परमेश्वर यहाँ है! .............................. 2-19
मैं देख सकता हूँ ........................................ 20-29
शान्तिदाता............................................... 30-36

# सृजनहार परमेश्वर यहाँ है!

मैं सृजनहार परमेश्वर को यह कहते हुए सुन सकता हूँ, 'मैं तुम्हें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचा लूँगा।'

मैं एक जवान औरत को देख सकता हूँ।

उसका नाम मरियम है।







मैं सृजनहार परमेश्वर के एक अच्छे आत्मा को मरियम से यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

'तुम एक बेटे को जन्म दोगी। उसका नाम यीशु होगा।

यीशु सृजनहार परमेश्वर के आत्मा की ओर से है।


यीशु तुम्हें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचाएगा।'

मैं एक जवान आदमी को देख सकता हूँ।

उसका नाम यूसुफ़ है।

यूसुफ़ के पूर्वज
राजा दाऊद के कुल में से हैं।

राजा दाऊद अब्राहाम के कुल में से है।







मैं सृजनहार परमेश्वर को एक अच्छे
आत्मा से यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

‘जाओ और यूसुफ़ से कहो कि
मरियम उसकी पत्नी होगी।

मरियम एक बेटे को जन्म देगी।
उसका नाम यीशु होगा।

यीशु सृजनहार परमेश्वर के
आत्मा की ओर से है।

यीशु तुम्हें हमेशा, हमेशा,
हमेशा के लिए बचाएगा।’

सृजनहार परमेश्वर आ रहा है...







समय बीता।

मैं सृजनहार परमेश्वर को रात के आसमान में एक नया तारा बनाते हुए देख सकता हूँ।

यह नया तारा चमक...चमक... चमक रहा है।

मैं ज्योतिषियों को रात के समय
ऊपर आसमान में ताकते...ताकते...
ताकते...हुए देख सकता हूँ।

वह नया तारा दिशा...दिशा...
दिशा...दिखा रहा है।







मैं ज्योतिषियों को उस नए तारे
की दिशा की ओर एक छोटे रास्ते से...
एक छोटे नगर में...
एक छोटे झोंपड़े में
जाते हुए देख सकता हूँ।

मैं यूसुफ़, उसकी पत्नी मरियम और
नन्हे बालक यीशु को देख सकता हूँ।

मैं सृजनहार परमेश्वर को यह कहते हुए सुन सकता हूँ, ‘यह नन्हा बालक यीशु तुम्हें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचाएगा।








मैं उन ज्योतिषियों को नन्हे बालक यीशु के लिए गाते हुए देख सकता हूँ।

सृजनहार परमेश्वर एक नन्हे बालक के रूप में आ गया है, कि आपको हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचा ले।

सृजनहार परमेश्वर आ गया है!



ठीक उसी रात...

मैं चरवाहों को देख सकता हूँ।

मैं भेड़ों को देख सकता हूँ।







मैं सृजनहार परमेश्वर को एक अच्छे आत्मा से यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

‘जाओ और जाकर चरवाहों से कहो, डरो मत, मैं तुम्हें एक खुशखबरी देने आया हूँ।

यीशु तुम्हें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचाने यहाँ आ गया है।’

मैं एक बड़ी, बड़ी, बड़ी चमकदार रोशनी को देख सकता हूँ।

मैं देख सकता हूँ कि यह बड़ी, बड़ी, बड़ी चमकदार रोशनी एक अच्छा आत्मा है।







मैं इस अच्छे आत्मा को उन चरवाहों से यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

‘डरो मत, मैं तुम्हें एक खुशखबरी देने आया हूँ।

यीशु तुम्हें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचाने यहाँ आ गया है।’

मैं देख सकता हूँ कि एक...दो...
तीन...चार...पाँच...छः...सात...

कई, कई, कई अच्छे आत्मा सृजनहार परमेश्वर के लिए गा रहे हैं।







मैं इन कई, कई, कई अच्छे आत्माओं को यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

'सृजनहार परमेश्वर के लिए गाओ।
यीशु के लिए गाने वाले सभी लोगों को शान्ति मिले।'

मैं इन कई, कई, कई अच्छे आत्माओं को ऊपर, ऊपर, ऊपर आसमान में जाते हुए देख सकता हूँ।

मैं चरवाहों को यीशु के लिए गाते हुए देख सकता हूँ।







सृजनहार परमेश्वर एक नन्हे बालक के रूप में आ गया है, कि तुम्हें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचा ले।

सृजनहार परमेश्वर यहाँ है!

# मैं देख सकता हूँ

कई वर्ष बीत गए।

नन्हा बालक यीशु अब बड़ा हो गया है।

आज बाज़ार का दिन है।

मैं नगर में बहुत सारे
लोगों को देख सकता हूँ।

मैं एक आदमी को देख सकता हूँ।
वह दृष्टिहीन है।







मैं यीशु के चेलों को
यह पूछते हुए सुन सकता हूँ,

‘क्या इस दृष्टिहीन आदमी ने
कोई बुरा काम किया था, जिससे
यह दृष्टिहीन पैदा हुआ है?’

मैं यीशु को अपने चेलों से
यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

'नहीं, इसने कोई बुरा काम नहीं किया था जिससे यह दृष्टिहीन पैदा हुआ है।

यह दृष्टिहीन इसलिए पैदा हुआ,
ताकि तुम सृजनहार परमेश्वर की
शक्ति को देख सको।

मैं यीशु हूँ, मैं तुम्हें बचाने आया हूँ।'







मैं देख सकता हूँ कि यीशु
ने उस दृष्टिहीन आदमी को छुआ।

वह दृष्टिहीन अब देख सकता है।

मैं यीशु को यह कहते हुए
सुन सकता हूँ,

'मैं इस जगत की ज्योति हूँ।'

मैं एक धार्मिक नेता को उस दृष्टिहीन आदमी से, जो अब देख सकता है, यह पूछते हुए सुन सकता हूँ,

‘तुम्हारा क्या कहना है कि वह आदमी कौन है, जिसने तुम्हें छूआ था?’





मैं उस दृष्टिहीन आदमी को, जो अब देख सकता है, यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

‘मुझे जिस आदमी ने छूआ है, वह यीशु है।

यीशु तुम्हें हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचाने आ गया है।’

मैं देख सकता हूँ कि उस धार्मिक नेता ने उस दृष्टिहीन आदमी को, जो अब देख सकता है, नगर से बाहर निकाल दिया है।







मैं यीशु को उस दृष्टिहीन आदमी से, जो अब देख सकता है, यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

‘तुम क्या कहते हो, कि मैं कौन हूँ?’

मैं उस दृष्टिहीन आदमी को,
जो अब देख सकता है, यीशु से
यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

‘आप वही हैं जो मुझे हमेशा,
हमेशा, हमेशा के लिए बचाने आए हैं।

आप इस जगत की ज्योति हैं।’







यीशु इस जगत
की ज्योति है।

केवल यीशु के पास
ही अन्धेरे को मिटाने
की शक्ति है।

सृजनहार परमेश्वर यहाँ है!

# शान्तिदाता

किसी और दिन, किसी और समय,
किसी और स्थान पर।

मैं एक आदमी को देख सकता हूँ।

उसका नाम शिमौन है।







मैं शिमौन को यीशु से
यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

‘कृपया मेरे घर आइए।’

मैं शिमौन और यीशु को
शिमौन के घर के अन्दर
देख सकता हूँ।


मैं शिमौन के घर के अन्दर
एक महिला को भी देख सकता हूँ।

इस महिला ने बहुत सारे
बुरे काम किए हैं।

मैं उस महिला को यीशु के
चरणों पर गिरते हुए देख सकता हूँ।





मैं देख सकता हूँ कि वह
महिला रो रही है।

उसके आसूँ यीशु के
चरणों पर गिर रहे हैं।

मैं देख सकता हूँ कि वह महिला यीशु के चरणों को अपने बालों से साफ कर रही है।







मैं यीशु को उस महिला से यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

'तुमने जितने भी बुरे काम किए हैं, मैं उन सभी के लिए तुम्हें क्षमा करता हूँ।

शान्ति में जाओ।'

केवल यीशु ही शान्ति देता है।

केवल यीशु के पास ही
अन्धेरे को मिटाने की शक्ति है।

सृजनहार परमेश्वर यहाँ है!

